# डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली

(एनसीटी दिल्ली सरकार द्वारा स्थापित)

## डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए अकादमिक वर्ष 2023-24 हेतु प्रवेश प्रक्रिया

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय है। एयूडी आवेदकों को अकादमिक वर्ष 2023-24 के लिए कश्मीरी गेट, करमपुरा, लोधी रोड और कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया परिसरों में विद्यमान विभिन्न अध्ययन शालाओं के अंतर्गत स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन के लिए आमंत्रित करता है। डॉ.बी. आर अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए अकादमिक वर्ष 2023-24 हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है । विश्वविद्यालय, एनटीए द्वारा आयोजित किये जाने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस [सीयूईटी (पीजी)-2023] टेस्ट में शामिल हो गया है | सीयूईटी (पीजी) विद्यार्थियों को प्रवेश लेने के लिए एकल अवसर (सिंगल विंडो अपॉर्चुनिटी) प्रदान करेगा तथा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को अकादमिक सत्र 2023-24 के लिए स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सभी उम्मीदवार जो डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में अध्ययन करने के इच्छुक हैं, उन्हें 05.05.2023 तक **https://cuet.nta.nic.in/** पर कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट [CUET (PG) 2023] के लिए पंजीकरण कराना होगा।

स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों की सूची इस प्रकार है:

| क्रमांक | पाठ्यक्रम का नाम | क्रमांक | पाठ्यक्रम का नाम | क्रमांक | पाठ्यक्रम का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एम ए अपराधशास्त्र (क्रिमिनोलॉजी) | 10 | एमए मनोविज्ञान (साइकोलॉजी) | 19 | एमए पुरातत्व विरासत प्रबंधन (एमएएचएम) |
| 2 | एम ए तुलनात्मक साहित्य (कम्पेरेटिव लिटरेचर) | 11 | एमए विधि, राजनीति और समाज (लॉ,पॉलिटिक्स एंड सोसाइटी) | 20 | एम ए विकास अध्ययन (डेवलपमेंट स्टडीज) |
| 3 | एमबीए | 12 | एमए अर्थशास्त्र (इक्नोमिक्स) | 21 | एमए शिक्षाशास्त्र (एजुकेशन) |
| 4 | एम.डीईएस (सामाजिक डिज़ाइन) | 13 | एमए समाजशास्त्र (सोशियोलोजी) | 22 | एमए शिक्षाशास्त्र – प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) |
| 5 | एम ए पर्यावरण एवं विकास (एनवायरमेंट एंड डेवलपमेंट) | 14 | एमए इतिहास (हिस्ट्री) | 23 | एम.वोक – पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन (टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट) |
| 6 | एम ए ग्लोबल स्टडीज | 15 | एमए हिंदी | 24 | एमए फिल्म अध्ययन |
| 7 | एमए अर्बन स्टडीज | 16 | एमए अंग्रेजी | 25 | एमए साहित्यिक कला – रचनात्मक लेखन |
| 8 | मास्टर ऑफ़ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच) | 17 | एमबीए आई ई वी डी (IEVD) | 26 | एमए निष्पादन अध्ययन (परफॉरमेंस स्टडीज) |
| 9 | एमए जेंडर स्टडीज | 18 | मास्टर इन कंज़र्वेशन प्रेजर्वेशन एंड हेरिटेज मैनेजमेंट (एमसीपीएचएम) | 27 | एमए दृश्य कला (विजुअल आर्ट) |

पात्रता मानदंड और अन्य विवरण तथा इससे सम्बंधित अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.aud.ac.in पर उपलब्ध है।

आवेदकों को डॉ.बी.आर.अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में प्रवेश विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध पात्रता मानदंड प्रत्येक कार्यक्रम के सामने दिए गए विवरण के आधार पर दिया जाएगा। प्रवेश पाने के इच्छुक आवेदकों को बाद में विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित विभिन्न पीजी कार्यक्रमों के लिए www.aud.ac.in पर अलग से आवेदन करना होगा। आवेदन से संबंधित अपडेट के लिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से विश्वविद्यालय (www.aud.ac.in) और सीयूईटी (पीजी) (https://cuet.nta.nic.in/) वेबसाइट देखें।

दिनांक: 20.04.2023 www.aud.ac.in कुलसचिव

उच्च शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार